भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1337

जिसका उत्तर सोमवार, 28 जुलाई, 2025/6 श्रावण, 1947 (शक) को दिया गया

बीमा सखी योजना के तहत प्रशिक्षित महिलाएं

1337. डॉ. शिवाजी बंडाप्पा कालगे:
श्री ज्ञानेश्वर पाटील:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 2024-25 के दौरान देश में विशेषकर महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में बीमा सखी योजना के अंतर्गत प्रशिक्षित महिलाओं की संख्या कितनी है;

(ख) ग्रामीण बीमा कवरेज पर इस योजना का अनुमानित प्रभाव क्या है;

(ग) महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के ग्रामीण और दूर-दराज के क्षेत्रों में महिलाओं के बीच वित्तीय साक्षरता और बीमा जागरूकता पर योजना का प्रभाव क्या पड़ा;

(घ) इस योजना की सफलता का आकलन करने के लिए सरकार द्वारा उठाए जाने वाले प्रस्तावित कदम क्या है; और

(ङ) इस योजना के बारे में जागरूकता फैलाने और इसे महिलाओं के बीच लोकप्रिय बनाने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) से (ङ): एलआईसी की बीमा सखी- "महिला करियर एजेंट (एमसीए) योजना" 9 दिसंबर, 2024 को शुरू की गई थी। इस योजना का उद्देश्य महिलाओं को रोजगार के अवसर और वित्तीय स्वतंत्रता प्रदान करना है।

31 मार्च, 2025 तक की स्थिति के अनुसार, बीमा सखी के रूप में नामांकित महिलाओं की कुल संख्या 1,48,888 है, जिसमें से लगभग 15% अर्थात 13,528 और 8,964 क्रमशः महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश राज्यों से संबंधित हैं। इसके अतिरिक्त, योजना के प्रावधानों के अनुसार सभी बीमा सखी एजेंट अपनी नियुक्ति के 3 माह के भीतर प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं।

31 मार्च, 2025 तक की स्थिति के अनुसार, बीमा सखियों द्वारा एकत्रित कुल प्रीमियम का 60.13% ग्रामीण क्षेत्रों से प्राप्त होता है। इसके अतिरिक्त, वर्तमान में लगभग 25 प्रतिशत पंचायतों में कम से कम एक बीमा सखी एजेंट है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में उनकी पहुंच को दर्शाता है।

बीमा सखी योजना, एलआईसी की एक पहल है, जिसे एलआईसी की विभिन्न शाखाओं और मंडल कार्यालयों, पारंपरिक और डिजिटल मीडिया और सार्वजनिक मंचों में उपस्थिति के माध्यम से पूरे देश में बढ़ावा दिया जा रहा है।

****